# उद्योगों के लिए 550 एकड़ का भूमि बैंक मंडल में तैयार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि लखनऊ मंडल में उद्योग लगाने के लिए बाराबंकी, हरदोई और रायबरेली में 550 एकड़ का भूमि बैंक तैयार किया गया है। जहां उद्योगों को स्थापित किए जा सकते हैं। औद्योगिक विकास मंत्री मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ एवं परियोजना कार्यालय (पूर्ववर्ती लीडा) यूपीसीडा लखनऊ औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों से सीधा संवाद किया।

इस दौरान समस्याओं के त्वरित निस्तारण, उद्योगों के समग्र विकास तथा औद्योगिक क्षेत्रों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उद्यमियों ने खुलकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे, जिस पर अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्रों की आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। कई उद्यमियों को भूमि आवंटन पत्र प्रदान किया गया। आज उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख गंतव्य बन कर उभरा है। सीईओ यूपीसीडा मयूर महेश्वरी, सचिव औद्योगिक विकास प्रांजल यादव, एसीईओ यूपीसीडा अनीता यादव, प्रधान महाप्रबंधक यूपीसीडा संदीप चंद्रा, महाप्रबंधक सिविल पीके कौशिक मौजूद रहे।